कलश यात्रा पर इंद्रदेव ने बरसाया स्नेह

राजधानी के गुजराती समाज भवन में नानीबाई का मायरा का शुभारंभ

निज संवाददाता

भोपाल, 31 जुलाई. राजधानी की निशात कॉलोनी स्थित मनोकामनेश्वर धाम से शुक्रवार दोपहर गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा का शुभारंभ हुआ. इस दौरान ऐसा लग रहा था कि इंद्रदेव आसमान से बारिश की बूंदों से कलश यात्रा का अभिनंदन कर रहे हैं.

माहेश्वरी महिला मंडल और माहेश्वरी समाज भोपाल वृहद के द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार को बड़ी संख्या में महिलाएं पीले-केसरिया परिधानों में सिर पर कलश रखकर शामिल हुईं. कलश यात्रा दोपहर करीब 2 बजे मंदिर परिसर से शुरू होकर लिंक रोड-1 से होते हुए गुजराती समाज भवन, 74 बंगला पहुंची, यहां कलश यात्रा का समापन हुआ. कलश यात्रा में भक्ति गीतों पर महिलाएं नृत्य करती नजर आईं, इस दौरान समाजजन धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे. रास्ते में श्रद्धालुओं ने फूल बरसाकर स्वागत किया.

गुजराती समाज भवन में व्यास पीठ पूजन, आरती और मंगल अनुष्ठान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई. तीन दिन चलने वाले इस आयोजन में प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक कथा और प्रस्तुतियां होंगी. अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पुष्पानंदन महाराज के सान्निध्य में कार्यक्रम हो रहा है. शुक्रवार को महारास लीला से कथा की शुरुआत हुई.शनिवार को गाड़ी लीला प्रवचन का विशेष आयोजन होंगे. रविवार को समापन दिवस पर सांवरिया सेठ के प्रसंग के साथ नानी बाई का मायरा कथा सुनाई जाएगी.

16 साल में 600 से अधिक कथावाचन

इंदौर के कथावाचक आचार्य पुष्पानंदन पवन तिवारी ने बताया कि वे पिछले 16 वर्षों में 600 से अधिक बार कथाओं का वाचन कर चुके हैं. उन्होंने बताया 'नानीबाई का मायरा' कथा समाज में समरसता और परिवारों को जोड़ने का माध्यम है. उन्होंने वर्षा को शुभ संकेत बताते हुए कहा कि शुद्ध भाव, आस्था और भगवान पर विश्वास ही जीवन की हर समस्या का समाधान है.

समाज के अध्यक्ष अशोक पलोड़ ने कहा कि नानी बाई का मायरा के आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता, टीम भावना और भगवान के प्रति श्रद्धा बढ़ाना है. कार्यक्रम में कृष्ण लीला के सजीव प्रसंग होंगे और भक्ति के माध्यम से समाज को जोड़ने का संदेश दिया जाएगा.

आयोजन समिति की सदस्य रमा बंग ने बताया कि इस आयोजन में महिलाओं की भागीदारी उत्साहजनक है. पारंपरिक वेशभूषा और कलश यात्रा ने माहौल को भक्तिमय बना दिया. ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ते हैं और नई पीढ़ी को संस्कृति से परिचित कराते हैं.

धर्म में दिखावा नहीं करें, अपने आचरण में उतारें

एमपी नगर विद्योदय तीर्थ में आचार्यश्री के प्रवचन

निज संवाददाता

भोपाल, 31 जुलाई. एमपी नगर स्थित श्री विद्योदय तीर्थ में शुक्रवार दोपहर आचार्यश्री समयसागर महाराज के प्रवचन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे. उन्होंने स्वाध्याय और आत्मचिंतन को जीवन में जरूरी बताते हुए कहा कि बिना भीतर के बदलाव के कर्मों से मुक्ति संभव नहीं है.

प्रवचन के दौरान आचार्यश्री ने कहा कि इंसान जब तक अपने राग-द्वेष को नहीं छोड़ता, तब तक उसका मन शांत नहीं हो सकता. उन्होंने श्रद्धालुओं को अपने व्यवहार और सोच को शुद्ध करने की सलाह दी, ताकि जीवन में स्थिरता आए और आत्मिक विकास हो सके. उन्होंने यह भी कहा कि धर्म दिखावे की चीज नहीं है, बल्कि इसे अपने आचरण में उतारना जरूरी है. सत्य को स्वीकार करना आसान नहीं, जो व्यक्ति इस रास्ते पर टिकता है, वही आगे बढ़ पाता है. आचार्यश्री ने गुरु के बताए मार्ग पर चलने को सच्ची साधना बताया.

चातुर्मास कलश स्थापना 2 अगस्त को

राजधानी में विराजमान आचार्यश्री समयसागर महाराज सहित 20 मुनिराजों का चातुर्मास कलश स्थापना कार्यक्रम रविवार 2 अगस्त को दोपहर 2 बजे एमपी नगर स्थित निर्माणाधीन विद्योदय तीर्थ में आयोजित होगा. इस चातुर्मास कलश स्थापना कार्यक्रम में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे और विभिन्न शहरों में साधना कर रहे ब्रह्मचारी भी अनुमोदना के लिए पहुंचेंगे.

रवींद्र भवन में आज बनेगी 30 फीट लाइव पेंटिंग

भोपाल 31 जुलाई. रवींद्र भवन में शनिवार को 'रंगमंच थिएटर और डांस फेस्टिवल आयोजित होगा. कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शुरू होगा. कार्यक्रम में नाटक और नृत्य की प्रस्तुतियां होंगी, जिनमें कलाकार सामाजिक विषयों को अपनी कला के जरिए दिखाएंगे. वहीं नृत्य प्रतियोगिता में बॉलीवुड, कंटेम्परेरी, हिप-हॉप, लोक और सेमी क्लासिकल शैलियों में प्रदर्शन होंगे. आयोजकों के अनुसार 'आर्ट ऑफ सेवा' के तहत कलाकार दर्शकों के सामने 30 बाय 30 फीट की लाइव पेंटिंग बनाएंगे. यह चित्र नीम करोली महाराज को समर्पित होगा.

श्रावण मास में ऊं नम : शिवाय से गूंज रहा दादाजीधाम मंदिर

भोपाल, 31 जुलाई. दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड, पटेल नगर भोपाल में श्रावण मास के अवसर पर भगवान भोलेनाथ की विशेष आराधना की जा रही है. मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिदिन भगवान शिव का जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, मंत्र-जप, पूजा-पाठ एवं भजन-कीर्तन किया जा रहा है. मान्यता के अनुसार श्रावण मास में श्रद्धा एवं विश्वास के साथ भगवान शिव का स्मरण करने से मन को शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है. भजन-कीर्तन भगवान के प्रति आस्था व्यक्त करने का माध्यम है.

एक नजर में

जीनगर समाज ने उपमुख्यमंत्री को दिया आमंत्रण

भोपाल 31 जुलाई. अखिल भारतीय जीनगर समाज एकीकरण महासभा मध्यप्रदेश की ओर से 5 अगस्त को भोपाल में राष्ट्रीय कार्य समिति एवं प्रबुद्ध जन बैठक आयोजित की जा रही है. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वीराज चौहान और समाज के पदाधिकारियों ने आमंत्रित किया. इस दौरान उन्हें आमंत्रण पत्र सौंपा गया. राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भगवानदास ढालिया ने बताया कि बैठक में संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने तथा शिक्षा, रोजगार और सामाजिक विकास से जुड़े विषयों पर कार्ययोजना तैयार की जाएगी. उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि समाज की एकता और संगठन को मजबूत करने के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं. ऐसे आयोजनों से समाज के लोगों को एक मंच पर आने और सामूहिक रूप से आगे बढ़ने का अवसर मिलता है. उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति व्यक्त की.

अग्निवीर भर्ती : 569 में से 334 युवा दौड़ में सफल

भोपाल, 31 जुलाई (खेल प्रतिनिधि). अग्निवीर भर्ती रैली के चौथे दिन शुक्रवार को भोपाल, सीहोर और हरदा जिले के युवाओं ने दौड़ परीक्षा में हिस्सा लिया. भर्ती प्रक्रिया में 669 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 569 उपस्थित हुए. इनमें 334 युवाओं ने दौड़ पूरी कर अगले चरण के लिए जगह बनाई. बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों की सफलता ने भर्ती प्रक्रिया को प्रतिस्पर्धी बना दिया. शनिवार को भर्ती रैली के निरीक्षण के लिए, व्यवस्थाओं का जायजा लेने और अधिकारियों के साथ समीक्षा करने सेना मुख्यालय के डायरेक्टर जनरल ऑफ रिक्रूटिंग लेफ्टिनेंट जनरल आर.एस. सुंदरम, एसएम, वीएसएम भोपाल पहुंचेंगे. आयोजकों के अनुसार सुबह से ही भर्ती स्थल पर युवाओं की भीड़ रही और निर्धारित प्रक्रिया के तहत दौड़ कराई गई. दौड़ पूरी करने वाले अभ्यर्थियों का अब शारीरिक दक्षता परीक्षण, दस्तावेजों की जांच और मेडिकल परीक्षण होगा.



प्रेमचंद जयंती पर साहित्य और समाज पर चर्चा

भोपाल, 31 जुलाई (निज संवाददाता). बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल में शुक्रवार को मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई. कार्यक्रम का मकसद विद्यार्थियों को उनके साहित्य और सामाजिक सोच से जोड़ना था. आयोजन हिंदी विभाग और अन्य इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज सभागार में हुआ .कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. किरण वट्टी ने कहा कि प्रेमचंद ने अपने लेखन में आम लोगों की जिंदगी, खासकर किसानों, मजदूरों और कमजोर वर्ग की समस्याओं को सामने रखा,आज भी उनकी रचनाएं समाज को समझने और दिशा देने में मदद करती हैं. प्राचार्य डॉ. संजय कुमार जैन ने कहा कि पढ़ाई का मतलब सिर्फ परीक्षा पास करना नहीं, बल्कि बेहतर इंसान बनना भी है.

नगर में आज

नानीबाई का मायरा
समय- दोपहर 3 बजे से, **स्थान-** गुजराती समाज भवन

फ्रेंच भाषा कार्यशाला
समय- शाम 4 बजे से, **स्थान-** स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी, न्यू मार्केट

गुरु वंदना महोत्सव
समय- शाम 6 :30 बजे, **स्थान-** मानस भवन

जूडो में अस्मिता डे ने जीता स्वर्ण पदक

साई भोपाल की खिलाड़ी ने ग्लासगो में बढ़ाया भारत का मान

खेल प्रतिनिधि

भोपाल, 31 जुलाई. साई केंद्रीय क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) भोपाल की जूडो खिलाड़ी अस्मिता डे ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग का स्वर्ण पदक जीतकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई है.

शुक्रवार को ग्लासगो में खेले गए मुकाबलों में अस्मिता ने पूरे टूर्नामेंट में लगातार दमदार प्रदर्शन किया और फाइनल जीतकर स्वर्ण अपने नाम किया. इस जीत के साथ उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत और मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया. प्रतियोगिता के दौरान अस्मिता ने शुरुआती दौर से ही आक्रामक खेल दिखाया.

निर्णायक मुकाबले में भी उन्होंने अपनी तकनीक और संतुलित रणनीति का प्रभावी इस्तेमाल करते हुए प्रतिद्वंद्वी पर बढ़त बनाए रखी. संस्था के मुताबिक, यह उपलब्धि लंबे समय से चल रहे नियमित अभ्यास, अनुशासित तैयारी और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का नतीजा है.

> साई सीआरसी भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक अभिषेक सिंह चौहान ने इस सफलता पर अस्मिता को बधाई दी. उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ी के समर्पण के साथ प्रशिक्षकों और सहयोगी स्टाफ की मेहनत का भी परिणाम है. उनके अनुसार, अस्मिता से भविष्य में भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है. राष्ट्रमंडल खेलों में मिला यह स्वर्ण भारतीय जूडो के लिए भी अहम माना जा रहा है. अस्मिता की जीत से युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलेगी.

बीआईएस ने पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों को दिए गुणवत्ता निर्माण के गुर

भोपाल, 31 जुलाई. भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के भोपाल शाखा कार्यालय ने लोक निर्माण विभाग (भवन) के सहयोग से इंदौर में पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यक्रम का उद्देश्य भवन निर्माण में भारतीय मानकों के प्रभावी उपयोग, गुणवत्ता नियंत्रण तथा राष्ट्रीय भवन निर्माण मानक के प्रावधानों की जानकारी देना था. कार्यक्रम का उद्घाटन बीआईएस भोपाल के प्रमुख बी. सुरेश राव गोरेखड़े ने किया. उन्होंने भवन निर्माण में भारतीय मानकों के पालन को गुणवत्ता, सुरक्षा और टिकाऊ निर्माण की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया.

ज्ञानोदय और डीपीएस विजयी

सीबीएसई क्लस्टर-12 बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता

खेल प्रतिनिधि

भोपाल, 31 जुलाई. एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल में चल रही सीबीएसई क्लस्टर-12 बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न आयु वर्गों में कई मुकाबले खेले गए. खिलाड़ियों ने तालमेल और अनुशासित खेल का प्रदर्शन किया.

दिन का सबसे एकतरफा मुकाबला अंडर-19 वर्ग में रहा, जहां ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल, नीमच ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, नीलबड़, भोपाल को 30-0 से हराकर जीत दर्ज की. अंडर-14 वर्ग में डीपीएस, निपानिया, इंदौर ने सेंट जोसेफ स्कूल, ईदगाह हिल्स, भोपाल को 24-11 से मात दी. वहीं अंडर-17 वर्ग के मुकाबले में रायन इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर ने माउंट इंडेक्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर को 8-3 से हराकर अगले दौर की ओर मजबूत कदम बढ़ाया. प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्गों की 70 से अधिक टीमें हिस्सा ले रही हैं.

बिना पर्चे दवा बेचना सेहत के लिए खतरनाक

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 31 जुलाई. गंभीर बीमारियों और संक्रमण के इलाज में इस्तेमाल होने वाली एंटीबायोटिक दवाओं का अनियंत्रित और बिना डॉक्टरी सलाह के उपयोग भविष्य के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा है.

इसी समस्या से निपटने और दवाओं के सही उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एम्स भोपाल ने शुक्रवार को एक विशेष जागरुकता अभियान चलाया. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और खाद्य और औषधि प्रशासन मध्य प्रदेश के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में भोपाल जिले के लगभग 40 फार्मासिस्टों को प्रशिक्षण दिया गया. एनएचएम कार्यालय में आयोजित इस कार्यशाला का नेतृत्व एम्स के ट्रांसलेशनल मेडिसिन विभाग के डॉ मुरली एम ने किया. कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि बिना डॉक्टरी पर्चे के एंटीबायोटिक दवाएं देने या मरीज द्वारा इनका अधूरा कोर्स करने से शरीर में एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस बढ़ता है. ये जीवनरक्षक दवाएं सेहत के लिए खतरनाक हो सकती हैं.

108 महिलाओं ने की भगवान की महाआरती

संत नगर, प्रतिनिधि

संत नगर, 31 जुलाई. झूलेलाल चालीहो महोत्सव के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में 108 महिलाओं ने भगवान झूलेलाल की महाआरती की.

इस धार्मिक आयोजन में मंदिर ट्रस्ट के सदस्य जवाहर मूलचंदानी, बाबू भाई, भगवान तेजवानी, नारायण दास लालवानी, लक्ष्मण धर्मदासानी, राज मनवाणी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे.

महिलाओं ने दीपों से सजी आरती की थालियों के साथ भगवान झूलेलाल का पूजन-अर्चन किया और मंदिर की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना की. मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता ने बताया कि चालीहो महोत्सव के दौरान पिछले दो वर्षों से प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें करीब 800 से 1000 श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं. श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार के व्यंजनों की व्यवस्था की जाती है. आयोजन को सफल बनाने में शशा जेवनंद मूलचंदानी, हरीश कृष्ण, श्यामी गंगवानी, पुरुषोत्तम, चांदनी मुरलीधर, हरचंदानी और रमेश मोतीराम सहित समिति के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा.

तकनीकी शिक्षा | मैनिट में मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल पाठ्यक्रम में बदलाव शुरू

एआई के हिसाब से तैयार होंगे भावी इंजीनियर

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 32 जुलाई. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस दौर में अब तकनीकी शिक्षा का ढांचा भी तेजी से बदल रहा है। मैनिट में आयोजित दो दिवसीय इंडस्ट्री-अकादमिया कॉन्क्लेव 2026 में विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में एआई ही मैन्युफैक्चरिंग और उत्पादन प्रणाली की गुणवत्ता को तय करेगा।

अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन के सहयोग से हुए इस आयोजन में वोल्वो प्रोडक्शन सिस्टम के उपाध्यक्ष एमएस शंकर

ने बताया कि एआई आधारित क्वालिटी एश्योरेंस से उत्पादन तेज, सटीक और असरदार बनेगा। वहीं मैनिट के डीन एकेडमिक्स प्रो शैलेंद्र जैन ने कहा कि उद्योगों में एआई की भूमिका लगातार बढ़ रही है। इसके मद्देनजर संस्थान ने अपने मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम में बदलाव शुरू कर दिया है. बता दें मैनिट में 180 मैकेनिकल छात्रों को मैन्युफैक्चरिंग एक्सीलेंस और 30 इलेक्ट्रिकल छात्रों को ईवी तकनीक की ट्रेनिंग दी जा रही है. इस अवसर पर मैनिट निदेशक प्रो. करुणेश कुमार शुक्ला ने एआई, स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर और सस्टेनेबल एनर्जी को भविष्य के विकास का आधार बताया. कार्यक्रम में पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष डॉ गौतम कोठारी, गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सचिव योगेश गोयल और एसएससीआईवीई के संयुक्त निदेशक डॉ दीपक पालीवाल भी शामिल हुए. विशेषज्ञों ने कहा कि विद्यार्थियों को शुरुआत से ही इंडस्ट्री के अनुकूल तैयार किया जाएगा ताकि पढ़ाई पूरी होते ही उन्हें स्थानीय उद्योगों में ही रोजगार मिल सके.

भोज विवि में जनजाति अध्ययन पर दो दिनी संगोष्ठी का समापन

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 31 जुलाई. मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में जनजाति अध्ययन विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी का समापन शुक्रवार को हो गया.

समापन सत्र को आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर विवेक कुमार ने संबोधित किया. संगोष्ठी में 10 प्रमुख विश्वविद्यालयों ने अपने परिसर में जनजाति अध्ययन पाठ्यक्रम शुरू करने की इच्छा जताई है. संगोष्ठी के दौरान विशेषज्ञों ने तय किया कि सभी विश्वविद्यालय मिलकर एक साझा समूह बनाएंगे, जो इस विषय के पाठ्यक्रम, अध्ययन सामग्री और पाठ्य पुस्तकों के निर्माण में परस्पर सहयोग करेगा. इसके साथ ही प्रत्येक विश्वविद्यालय में जनजाति अध्ययन के लिए एक अलग विभाग या शोध केंद्र स्थापित किया जाएगा और उसकी कमान एक अनुभवी प्रोफेसर को नोडल अधिकारी के रूप में सौंपी जाएगी.